### एडीसी कार्यालय में पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों की हुई बैठक

# नशे से जंग यमुनानगर के संग अभियान को बनाएं जन आंदोलनः आहूजा

## मैराथन का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के नशा छोड़ो जीवन जोड़ो अभियान को लेकर एडीसी कार्यालय में पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

आहूजा ने अधिकारियों को नशे से जंग यमुनानगर के संग अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता के कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैराथन के आयोजन को सपल बनाने के लिए पंजीकरण, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस दौड़ में भाग लेने के लिए अब तक 48 हजार 364 नागरिकों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। जिनमें से 30 हजार 38 पुरुष व 18 हजार 285 महिलाएं हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि नशे के खिलाफ इस दौड़ में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली महिला एवं पुरूषों को एक लाख, 75 हजार व 51 हजार रुपये के पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएगें। इसके अलावा 4 से 10 स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 5100 रुपये के पुरस्कार प्रदान किए जाऐंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष चौधरी, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, जिला परिषद के सीईओ सुशील कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### विजेता को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार, द्वितीय को 75 और तृतीय स्थान पाने वाले को 51 हजार नकद


यमुनानगर। एडीसी कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

### मैराथन के लिए युवा करवाएं रजिस्ट्रेशन : नरेंद्र

रादौर। नगर पालिका रादौर के पार्षदों की बैठक नपा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीएम नरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने पार्षदों को 26 जुलाई को यमुनानगर में होने वाली मैराथन में युवाओं का अधिक से अधिक पंजीकरण करवाए जाने का आहवान किया। कहा कि महिलाओं व पुरूषों की अलग अलग 5 व 10 किलोमीटर की दौड़ होगी। उन्होंने बताया कि 5 किमी दौड़ का पंजीकरण निशुल्क है, जबकि 10 किमी दौड़ के लिए 100 रुपये पंजीकरण शुल्क देना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जुलाई शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। इस अवसर पर नपा सचिव सुरेंद्र मलिक, चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, सीनियर पार्षद जसवंत सिंह व विनिश राणा मौजूद रहे।

### नशे में विरोध में एकजुट हुए शहरवासी

रादौर। बढ़ते नशे के विरोध में गुस्साए लोगों ने मंगलवार को शहर व क्षेत्र में नशा बेचने वाले लोगों के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, शीतल शर्मा, अजय राव, सतविंदर सिंह रिंकू, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, भाजपा नेता मुकेश अरोड़ा मक्की, अमित कांबोज, सचिन गुप्ता व भारतीय किसान यूनियन जिला प्रधान सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने शहर के थाना चौक से एसडीएम कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान शहर के दुकानदारों ने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक 2 घंटे अपनी दुकानें बंद रखकर प्रशासन से नशा बेचने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान स्थानीय लोगों की ओर से एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन नशा बेचने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगा। वहीं स्थानीय लोगों ने नशे का गढ़ बन चुकी नगरपालिका की भूमि पर बसी डेहा बस्ती से जल्द से जल्द अवैध कब्जे हटवाने की मांग की। एसडीएम ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन इस बारे जल्द कार्रवाई करेगा। स्थानीय लोगों की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि रादौर की डेहा बस्ती में कुछ लोग लंबे समय से नशा बेचने का काम कर रहे हैं। जिस कारण रादौर व आसपास के क्षेत्र में युवा नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। बहुत से युवा नशे के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। परिवार बर्बाद हो चुके हैं। नशे के कारण क्षेत्र में अपराध व चोरी की घटनाएं हो रही हैं। उनकी मांग है कि शहर की डेहा बस्ती में नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाये और नगरपालिका की भूमि पर अवैध रूप से रह रहे नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए।


रादौर। नशे के विरोध में एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी करते स्थानीय लोग।


यमुनानगर। मीडिया से बातचीत करते पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा।

### युवा पीढ़ी के लिए नशा गंभीर चुनौतीः सपरा

यमुनानगर। नशा आज हमारे समाज और युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति अलख जगाने के लिए 26 जुलाई को यमुनानगर में होने वाली मैराथन दौड़ ऐतिहासिक होगी। उक्त दावा भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित प्रेसवार्ता में जताया है। सपरा ने बताया कि 26 जुलाई को यमुनानगर में नशे के खिलाफ विशाल जागरुकता दौड़ जगाधरी के मटका चौक से शुरु होकर शहर के प्रमुख मार्गों एवं विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ आयोजित इस मैराथन सामाजिक अभियान में जिले भर से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा व अन्य लोग भाग लेंगे। सपरा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नशे के समूल नाश के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहर में आयोजित होने वाली दौड़ ना केवल एक खेल है। बल्कि यह नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन है। उन्होंने बताया कि इस जागरुकता दौड़ में जिला यमुनानगर की चारों विधानसभा क्षेत्र जगाधरी, यमुनानगर ,साढौरा व रादौर के सभी 16 मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता इस नशे के खिलाफ मुहिम में भाग लेंगे। उन्होंने जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों और आम जनता से अगामी रविवार को आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

**यमुनानगर में होने वाली मैराथन दौड़ के ऐतिहासिक होने का किया दावा**

### निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री व गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

# निखरेगा रूप नगर कॉलोनी का रूप, खर्च होंगे 21.78 लाख रुपये

## गुरुद्वारा साहिब वाली सड़क होगी चकाचक स्टॉर्म वाटर लाइन भी डाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा शहर की रूप नगर कॉलोनी में 21 लाख 78 हजार रुपये की लागत से गुरुद्वारा साहिब वाली सड़क का निर्माण व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। मंगलवार को मेयर सुमन बहमनी ने सड़क निर्माण व स्टार्म वाटर लाइन कार्य का शिलान्यास किया और निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व स्थानीय पार्षद प्रियंक शर्मा भी मौजूद रहे। मौके पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों और ठेकेदार को सड़क और स्टार्म वाटर लाइन के निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। स्टॉर्म वाटर लाइन डलने से बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या से स्थानीय लोगों को हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूरा होने से रूप नगर कॉलोनी के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


यमुनानगर। रूप नगर कालोनी में सड़क व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य के शुभारंभ के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनती मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश सरकार और निगम मिलकर कर रहे विकास

इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि राज्य सरकार और नगर निगम मिलकर शहर की सभी कॉलोनियों में सड़कों, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं। रूप नगर कॉलोनी की यह लंबे समय से चली आ रही मुख्य मांग थी। जो आज पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों के अनुसार विभिन्न विकास परियोजनाओं को मंजूरी दिलाई जा रही है। मौके पर सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, कनिष्ठ अभियंता गोपाल, पूर्व पार्षद संजय राणा, बिरखा राम, अवतार सिंह तारी, रमेश शर्मा, अशोक मेहंदीरत्ता, जेएन कश्यप, संजीव जांगड़ा व त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव चमरोड़ी में विरोध प्रदर्शन में भाग लेते किसान सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ किसानों में नाराजगी

**अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सभा कर जताया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

दिल्ली में पुलिस द्वारा छात्रों पर लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को गांव चमरौड़ी में अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर विरोध सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधान वेदपाल ने की। उन्होंने कहा कि सरकार आंदोलन को कुचलने पर आमादा है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जो प्राइवेट एजेंसी है, इसे कर्मचारी भर्ती, प्रतियोगिता परीक्षाएं कराने का कार्यभार सौंपा हुआ है। अब तो दसवीं व 12वीं कक्षा में प्रश्न पत्र बनाना, मार्किंग करना, रिजल्ट बनाना, रिजल्ट शीट तैयार करना, प्रमाण पत्र बनाना आदि काम भी दे दिया है। राज्यों में यही काम कराने के लिए यह एजेंसी किसी अन्य एजेंसी को ठेका दे देती है। जबसे यह कार्य इस प्राइवेट कंपनी को दिया गया है, पेपर लीक करना, अंकों में गड़बड़ी करना, मेरिट में गड़बड़ी करना इसकी कार्यप्रणाली रही है। इस बार नीट परीक्षा करने में जो पेपर लीक हुआ, उससे मेरीटोरियस बच्चे बहुत आहत हुए और 20 से ज्यादा बच्चों ने आत्महत्या कर ली। दिल्ली में छात्र यह मांग कर रहे हैं कि एनटीए को भंग किया जाए तथा यह कार्य सरकारी एजेंसियां ही करें क्योंकि इस एजेंसी ने अपनी साख खो दी है। साथ ही केंद्र के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लिया जाए। यह छात्र आंदोलन इस मांग को लेकर प्रदर्शन धरना करता आ रहा था और भूख हड़ताल भी शुरू हुआ। 20 जुलाई को संसद का सत्र शुरू होने के मौके पर छात्रों ने पार्लियामेंट कूच किया। छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया। सादे कपड़ों में लठैत छात्रों के ऊपर लाठियां भांजते हुए दिखाई दिए हैं। इस अवसर पर महिपाल, संजय सिंह, यशपाल, प्यारेलाल तंवर, सुखबीर सिंह, वेदवती, संटी रमजान, नारी राम, सावन राम, राजीव कुमार, प्रवीण कुमार, रामफल व कुसुमपाल आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को दी संस्थान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को बीबीए एवं बीसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की गौरवशाली विरासत, शैक्षणिक संस्कृति एवं मूल्यों से परिचित कराने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व, रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता एवं व्यावसायिक कौशल का विकास करना था।

कार्यक्रम के दौरान बीबीए एवं बीसीए दोनों विभागों के विद्यार्थियों को मुकंद समूह एवं जेएमआईटी की समृद्ध विरासत, इतिहास, संस्कृति एवं मूल्यों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक परंपराओं, मूल्यों एवं उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उन्हें जेएमआईटी की संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए टीम बिल्डिंग एवं नेटवर्किंग गेम जैसी इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## पढ़ाई के साथ खेलों में भी भाग ले युवावर्गः बुबका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्रों के सम्मान के लिए चमरौड़ी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी उमेश बुबका ने कार्यक्रम में नीट में अच्छे अंक लेकर परीक्षा पास करने वाले छात्र जतीश व कमालपुर टापू निवासी छात्र अय्यर को उत्कृष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों छात्रों ने नीट की परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह नशा आदि बुराइयों की तरफ ध्यान नहीं देकर अपनी पढ़ाई और खेलों की तरफ ध्यान दें। क्योंकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलों का होना भी जरुरी है।

उमेश बुबका ने कहा कि आज सोच का विषय है कि अधिकांश युवा वर्ग नशा जैसी बुराई की दलदल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। हमें ऐसे भटके हुए युवाओं को सद्मार्ग पर लाने के लिए प्रयास करने होंगे। मुख्यातिथि उमेश बुबका ने नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र जतीश के अभिभावक एवं सरपंच सन्नी और छात्र अय्यर के अभिभावक जब्बार को बधाई व शुभकामनाएं दी। उमेश बुबका ने कहा कि जतीश व अय्यर ने मेहनत व लग्न से नीट की परीक्षा पास करने में कामयाबी हासिल की है।

क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी इन दोनो युवाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। क्षेत्र के युवा शानदार प्रदर्शन कर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच सन्नी, सुनील, सुरेश, बलिंदर, जब्बार, पंडित बसेसर, सुनील आदि मौजूद रहे।


रादौर। चमरौड़ी में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते उमेश बुबका व अन्य।

### बैठक में डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश

# महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई करें

## महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में न करें किसी तरह की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को चिन्हित अपराधों, पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत मामलों तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित अपराधों समेत महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता, तत्परता और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता, संरक्षण और न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने व संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।


यमुनानगर। अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं डीसी प्रीति। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को करें जागरूक

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि पॉक्सो मामलों में पीड़ितों की गोपनीयता, त्वरित मेडिकल जांच, काउंसलिंग और विधिक सहायता सुनिश्चित की जाए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित एफआईआर, निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आमजन से किसी भी अपराध की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन पर दिए जाने की अपील की।

# सेव एनर्जी की चित्रकला स्पर्धा में गायत्री ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत चलाए जा रहे सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालयए गोविंदपुरी में विभिन्न विषयों पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। सातवीं की छात्रा गायत्री ने स्टॉप पॉल्यूशन, सेव एनर्जी व सेव अर्थ पर चित्र बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी की छात्रा हीना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने जीवन से मौत की ओर व मौत से जीवन की ओर पर आकर्षक चित्र बनाया। जबकि तीसरे स्थान पर कक्षा 10वीं की उपासना रही। उसने नशा मुक्ति पर आकर्षक चित्र बनाकर नशा से बचने का संदेश दिया। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार ने विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और मानव स्वास्थ्य पर उसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

## तीन स्तरीय बैरिकेडिंग, भारी पुलिस बल के बीच जमकर की नारेबाजी

# दिल्ली कूच पर ब्रेक: शाहबाद में किसानों को रोका, हाइवे बना रणक्षेत्र

*कई घंटों तक धरना चला, मंत्री के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहबाद

भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए जिला के ज्योतिसर, पिपली व शाहबाद में पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई। मंगलवार को दिल्ली कूच कर रहे किसानों को शाहबाद में कड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच रोक दिया गया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुबह से ही पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था। दिल्ली कूच से एक दिन पहले सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी, संगठन के प्रवक्ता राकेश बैंस और किसान नेता जसबीर सिंह मामू माजरा को हिरासत में लिए जाने के बाद किसानों में रोष और बढ़ गया। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे से ही पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग और मारकंडा पुल पर मोर्चा संभाल लिया। यहां तीन स्तर की बैरिकेडिंग की गई थी। सड़क पर मिट्टी से भरे डंपर खड़े किए गए, दंगा निरोधक वाहनों की तैनाती की गई तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आंसू गैस के गोले और भारी पुलिस बल को भी तैयार रखा गया था।

### पुलिस व किसानों का आमना-सामना

सुबह करीब नौ बजे पंजाब, हरियाणा और अंबाला क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों किसान शाहाबाद पहुंचे और दिल्ली जाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच आमना-सामना हुआ। किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा हाइवे पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने धरनास्थल पर ही दोपहर का खाना खाया। किसानों के प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला, जबकि कई स्थानों पर वाहनों की सघन जांच भी की गई। किसानों का आरोप था कि उनके कई साथियों को घरौंडा, पानीपत और दिल्ली की सीमा पर आगे बढ़ने के दौरान हिरासत में ले लिया गया। करीब साढ़े तीन बजे हरियाणा के कृषि मंत्री की ओर से किसानों को संदेश दिया गया कि उनकी मांगों को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने का भी आश्वासन दिया गया। इसके बाद किसान नेताओं ने आपसी विचार-विमर्श किया और धरना समाप्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही कई घंटों से बाधित यातायात धीरे-धीरे सामान्य हुआ और पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली जा रहे किसानों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आज देशभर से किसान दिल्ली स्थित किसान घाट पर जाने के लिए रवाना हुए। इसी कड़ी में पिहोवा क्षेत्र से भी सैकड़ों की संख्या में किसान गांव सारसा में एकत्रित हुए और वहां से बसों के माध्यम से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के लिए रवाना हुए। किसानों का आरोप है कि जब उनका काफिला ज्योतिसर पुलिस चौकी के सामने पहुंचा तो पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर किसानों को रोक दिया गया तथा उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद किसानों को पूरे दिन पुलिस लाइन में बैठाकर रखा गया। किसान नेताओं ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और लोकतांत्रिक गतिविधि में भाग लेने के लिए देश के नागरिकों को स्वतंत्र रूप से आवागमन करने का अधिकार है।



पिहोवा। पुलिस लाइन में बैठे किसान।

### पुलिस लाइन में बैठाना लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन

किसान नेताओं ने कहा कि किसान किसी भी प्रकार की अशांति या कानून-व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से दिल्ली नहीं जा रहे थे, बल्कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किसान घाट पर पहुंचकर अपनी बात रखने के लिए जा रहे थे। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को रास्ते में रोकना, बैरिकेडिंग करना और हिरासत में लेकर दिनभर पुलिस लाइन में बैठाना लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है। सरकार को किसानों की आवाज सुनने और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने के बजाय पुलिसिया कार्रवाई का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबाने से उनकी समस्याएं खत्म नहीं होंगी। सरकार को लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हुए किसानों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार देना चाहिए। किसान संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के लोकतांत्रिक अधिकारों का इसी प्रकार दमन जारी रहा तो किसान आगे भी लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

## किसान नेताओं को नजरबंद और डिटेन करने का विरोध

**22 जुलाई के विरोध दिवस को सफल बनाने का ऐलान**



कुरुक्षेत्र। घर में पुलिस द्वारा नजरबंद किसान नेता ईश्वर सिंह दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने 22 जुलाई को प्रस्तावित अखिल भारतीय विरोध दिवस से पहले किसान नेताओं को नजरबंद और डिटेन किए जाने की कड़ी निंदा की है। संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा और जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के आह्वान पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील तथा यूरोपीय संघ, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के विरोध में देशभर में विरोध दिवस की तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच हरियाणा के किसान नेता कामरेड ईश्वर सिंह दहिया को उनके पैतृक गांव भटगांव में घर पर नजरबंद करने के बाद सोनीपत सदर थाना ले जाकर डिटेन कर दिया गया। इसके अलावा किसान दलबीर सिंह को भी हिरासत में लिया गया है। संगठन ने इसे नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए दोनों नेताओं की तत्काल रिहाई की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता सत्यवान ने कहा कि हरियाणा सरकार जनवादी और संवैधानिक अधिकारों पर सुनियोजित हमला कर रही है।

### जिला में सामान्य स्थिति होने तक धारा 163 लागू

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए 21 जुलाई से सामान्य स्थिति होने तक बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू की जाती है। इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने व शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में एक स्थान पर नागरिकों के एकत्रित होने, किसी प्रकार की जनसभा करने, धरना देने, प्रदर्शन करने व किसी भी प्रकार के घातक हथियार ले जाने पर तुरंत प्रभाव से पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन द्वारा भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में एमएसपी पर गारंटी कानून व खेती से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर नई दिल्ली में एक महापंचायत आयोजित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान काफी संख्या में किसानों व अन्य संगठनों का इस महापंचायत में भाग लेने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## अवैध कालोनी में निर्माण किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव खेड़ी रामनगर में लगभग 9 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने खेड़ी रामनगर में 9 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में बनी कच्ची सडकें, चारदीवारी, डीपीसी के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। इसके साथ ही अवैध अतिक्रमण को भी हटवाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर के गांव खेड़ी रामनगर में लगभग 9 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनी में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।



### कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय का निर्माण होना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय : भारती

**पिहोवा।** गांव गढ़ी लांगरी में सिख समाज की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा लीगल सेल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशांत भारती रहे। समारोह के दौरान सिख समाज ने कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित सिख संग्रहालय के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुशांत भारती ने कहा कि कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरती पर सिख संग्रहालय का निर्माण होना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे आने वाली पीढ़ियों को सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान, इतिहास और महान परंपराओं को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों की आस्था और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर वर्ग के सम्मान और विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

## छात्रों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी: पायलट

**दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध में युवा जेजेपी-इनसो का प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के प्रयोग के विरोध में मंगलवार को युवा जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के कार्यकतार्ओं ने कुरुक्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। युवा जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश पायलट के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में छात्रों पर बल प्रयोग की घटना की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा घायल छात्रों को उचित उपचार एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही भविष्य में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शनों के दौरान छात्रों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। इस अवसर पर युवा जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि छात्रों के साथ हुए अन्याय को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा जेजेपी और इनसो हमेशा छात्रों की आवाज मजबूती से उठाते रहेंगे तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

### डॉ. सिमरन बनीं डेंटल सर्जन सेल की प्रदेश अध्यक्षा

**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट ने समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय डॉ.



सिमरन आनंद छाबड़ा को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष (डेंटल सर्जन सेल) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति ट्रस्ट की उत्तरी भारत डॉक्टर सैल की अध्यक्षा डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बावेजा की सहमति से की। डॉ. सिमरन आनंद छाबड़ा खेड़ी मारकंडा रोड़ पर आनंद डेंटल क्लीनिक के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जानी जाती हैं। छह वर्षों के अनुभव के दौरान उन्होंने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका मिलनसार स्वभाव और सेवा भावना उन्हें आमजन के बीच विशेष पहचान दिलाती है।

### कुरुक्षेत्र में भारत विकास परिषद ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद की कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए गुलजारीलाल नंदा स्मारक स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में नीम, पीपल, बरगद, जामुन और गुलमोहर जैसे पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए।



कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पौधारोपण के साथ हुई। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। परिषद के सदस्यों ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने और नियमित रूप से पानी देने का दायित्व भी लिया। इस पुनीत कार्य में स्थानीय निवासियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने और पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्मारक की डायरेक्टर शुचिस्मिता, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय धरोहर के क्यूरेटर कुलदीप, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश पंवार, पूर्व अध्यक्ष विजयंत बिंदल एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश तिलक गुलाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सरकारी नीतियों को बूथ स्तर पर पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं : डीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों के तहत पिहोवा मंडल के गांव अरुणाय शक्ति केंद्र पर टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यकतार्ओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि टिफिन बैठकों का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठनात्मक जिम्मेदारियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन हैं। यदि प्रत्येक बूथ सशक्त होगा तो संगठन और अधिक प्रभावी ढंग से जनता के बीच कार्य कर सकेगा। उन्होंने कार्यकतार्ओं से प्रत्येक बूथ समिति का मजबूत गठन सुनिश्चित करने, बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने, संगठनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जय भगवान शर्मा डीडी ने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। बैठक के पश्चात भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने पौधारोपण कर सफाई अभियान चलाया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं, गांव वासियों ने हिस्सा लिया।

### ब्लॉक स्तरीय 600 मीटर दौड़ में एसडी गर्ल्स स्कूल की अदिति ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एस.डी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा अदिति ने



अंडर-14 वर्ग की 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा एवं मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या रिम्मी बठला तथा उप-प्रधानाचार्या अंजलि ने अदिति को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की खेल प्रशिक्षक श्रीमती कल्पना ने बताया कि अदिति ने अपनी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अदिति आगामी जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। विद्यालय परिवार ने अदिति की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी निरंतर सफलता प्राप्त करने की कामना की।




### नवीन कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत हुआ पांचवां कार्यक्रम

**शाहबाद।** अन्न भंडारण व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत शाहबाद मारकंडा में पांचवें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना, चेयरमैन हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने हमेशा किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' केवल एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों और अन्न भंडारण को वैज्ञानिक सोच से जोड़ने का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि वे सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान से जुड़कर वैज्ञानिक अन्न भंडारण की तकनीक को अपनाएं। उन्होंने कहा कि किसान की मेहनत से उपजा प्रत्येक दाना अमूल्य है और उसका सुरक्षित संरक्षण करना समय की आवश्यकता है।

## 'सतत भविष्य' की सोच को मिलेगी नई उड़ान: राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

# 'सततता के लिए विज्ञान में नवाचार' थीम पर हरियाणा के 105 विज्ञान शिक्षकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

*यह कार्यक्रम प्रदेश में विज्ञान शिक्षा को नई दिशा दे रहा : पांचाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान की भावना और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं साइंस सेंटर में राज्य स्तरीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इरादा (इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन) तथा हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार आयोजित की गई। इसमें हरियाणा के सभी जिलों से आए 105 जिला विज्ञान विशेषज्ञों, जिला समन्वयकों एवं विज्ञान शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यशाला के राज्य समन्वयक एवं इरादा के राष्ट्रीय सचिव राजपाल पांचाल ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस देश का एक प्रतिष्ठित विज्ञान कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उन्हें अनुसंधान आधारित शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम प्रदेश में विज्ञान शिक्षा को नई दिशा और नए आयाम प्रदान कर रहा है। कार्यशाला में शिक्षकों को बताया गया कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की केंद्रीय थीम /"सततता के लिए विज्ञान में नवाचार/" निर्धारित की गई है।



कुरुक्षेत्र। प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद अध्यापकगण।

### विज्ञान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर दिया प्रशिक्षण

यह थीम पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, जैव विविधता संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत विकास के लिए वैज्ञानिक एवं नवाचारी समाधानों की खोज पर केंद्रित है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन कर व्यवहारिक एवं समाजोपयोगी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। राजपाल पांचाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और शोध क्षमता को सशक्त बनाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक विद्यालयों में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे हरियाणा में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की गतिविधियों को नई गति और व्यापक प्रभाव मिलेगा। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समाज कल्याण विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनीता ढींगरा, एनसीईआरटी भोपाल से अमृतांशु वाजपेई तथा रिसोर्स पर्सन रण सिंह ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों को अनुसंधान आधारित विज्ञान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

